# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Since 2011

Hindi Medium

2 Nov 2022

Follow us on

UPSC MPPSC NTA NET MP-SI



Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Daily Current Affairs Booster

Contact : 9981983777, 8817983777, 0731-4370330

# Daily Current Affairs

Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)

Website : marvellousinstitute.com

## 2 नवंबर का इतिहास

- **1841 :** अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया, जिसमें उसे सफलता मिली।
- **1774 :** अंग्रेज अधिकारी कमांडर इन चीफ ऑफ ब्रिटिश इंडिया राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या की।
- **1834 :** एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **1534 :** सिखों के चौथे गुरू रामदास का जन्म हुआ।

## 2 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय वायुसेना के लिए सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाने की जिम्मदारी टाटा एयरबस को सौंपी गई है। कंपनी वडोदरा स्थित प्लांट में इन एयरक्राफ्ट का निर्माण करेगी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह स्वदेशी में से एक होगा। भारत में बने विमानों की आपूर्ति 2025 से 2031 तक की जाएगी। पहले 16 विमान 2023 से 2025 के बीच आएंगे। भारतीय वायु सेना अंततः इस सी-295 परिवहन विमान की सबसे बड़ी परिचालक बन जाएगी।
- भारतीय नौसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया ने स्वदेशी ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत नौसेना के लिए ड्रोन, काउंटर-ड्रोन और संबंधित प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास, निर्माण और परीक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दिशा में नौसेना का प्रौद्योगिकी विकास एवं त्वरण सेल और ड्रोन फेडरेशन सहयोगात्मक रूप से काम करेंगे।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कोल्डेस्ट ईयर ऑफ द रेस्ट देयर लाइव्स-प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रेन फ्रॉम द एस्केलेटिंग इम्पैक्ट ऑफ हीटवेव शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग सभी बच्चे बार-बार अधिक गंभीर हीटवेव से प्रभावित होंगे। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष का एक विशेष कार्यक्रम है जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कल्याण में सुधार के लिये किये जाने वाले राष्ट्रीय प्रयासों की सहायता हेतु समर्पित है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर 2022 में बैंकिंग प्रणाली में तरलता को बढ़ावा देने के लिये 72,860.7 करोड़ रूपये का निवेश किया। त्यौहारी सीजन के दौरान क्रेडिट की अधिक मांग के चलते तरलता की स्थिति सख्त होने के बाद यह अप्रैल 2019 के बाद सबसे अधिक है। बैंकिंग प्रणाली में तरलता आसानी से उपलब्ध नकरी को संदर्भित करती है जिससे बैंक अल्पकालिक व्यापार और वित्तीय जरूरतों को पूरा करते है।
- आतंकी वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग पर अंतर्राष्ट्रीय निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने पाकिस्तान को निगरानी सूची के तहत देशों की सूची से हटा दिया है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के फैसलों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए सरकार तीन सदस्यीय शिकायत अपील समिति का गठन करेगी। तीन महीने के भीतर अपीलीय समितियां गठित की जाएंगी। नए नियमों के अनुसार सरकार ने आपत्तिजनक धार्मिक सामग्री, पॉर्नोग्राफी, ट्रेडमार्क उल्लंघन और फेक जानकारी को राष्ट्र की संप्रभुता के लिए खतरे के रूप में चिन्हित किया है। शिकायत अपील समिति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा नियुक्त शिकायत अधिकारी के फैसलों के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को रिपोर्टिंग के 72 घंटे के भीतर विवादित सामग्री को हटाना होगा।
- देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई ने अपने प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रानिक गोल्ड रिसिप्ट लॉन्च की। इससे सोने की प्रभावी और बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। एक्सचेंज ने एक बयान में कहा कि उसने 995 और 999 शुद्धता के दो नए उत्पाद पेश किए हैं। ट्रेडिंग का रेट 1 ग्राम के गुणकों में होगा। डिलीवरी 10 ग्राम और 100 ग्राम के गुणक में होगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने डिप्टी गवर्नर ने रूपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लाभों और जोखिमों को रेखांकित किया। रूपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत सीमा पार लेन-देन में स्थानीय मुद्रा के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। इसके आयात और निर्यात व्यापार के लिये रूपये को बढ़ावा देना और अन्य चालू खाता लेन-देन के साथ-साथ पूंजी खाता लेन-देन में इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना शामिल है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022 जारी की। रिपोर्ट के अनुसार कई वर्षो में यह पहली बार है, जब वैश्विक स्तर पर तपेदिक और दवा प्रतिरोधी टीबी से बीमार होने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसके मुताबिक 2021 में दुनिया भर में 10 मिलियन से अधिक लोग तपेदिक से बीमार हुए जो एक साल पहले की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक है।
- असमिया अभिनेता निपोन गोस्वामी का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने अपनी पहली फिल्म पियोली फुकन में एक बाल कलाकार के रूप में काम किया था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व हिंदी सम्मेलन की मेजबानी करने वाला प्रशांत क्षेत्र का पहला देश कौन बनेगा?**

(A) फिजी (B) न्यूजीलैंड
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**(A)** फिजी 15 फरवरी से 17 फरवरी 2023 तक 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विश्व हिंदी दिवस की वेबसाइट और लोगों लॉन्च किया। तीन दिवसीय सम्मेलन फिजी के नाडी शहर में आयोजित किया जाएगा। यह पहला मौका है जब इसे पैसिफिक रीजन में आयोजित किया जा रहा है।



**2. हाल ही में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण नई दिल्ली में कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 28 से 31 अक्टूबर 2022
(B) 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2022
(C) 31 अक्टूबर से 3 नवंबर 2022
(D) 1 से 4 नवंबर 2022


**(C)** नौसेना कमांडरो के सम्मेलन का दूसरा चरण नई दिल्ली में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर 2022 तक किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 दिवसीय सम्मेलन के दौरान नौसेना कमांडरो को संबोधित करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी नौसेना कमांडरो के साथ बातचीत करेंगे।



**3. हाल ही में नेत्रहीनों के लिए T20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर कौन बने है ?**

(A) सुनील गावस्कर (B) सचिन तेंदुलकर
(C) युवराज सिंह (D) महेंद्र सिंह धोनी

**(C)** हाल ही में नेत्रहीनों के लिए टी-20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह बने है। नेत्रहीनों के लिए तीसरे टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाले देश भारत, नेपाल, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और श्रीलंका है। उद्घाटन मैच गत चैंपियन भारत और नेपाल के बीच 6 दिसंबर को फरीदाबाद में खेला जाएगा।



**4. किस राज्य के मुख्यमंत्री ने हाल ही में किसानों के लिए पहला कृषि क्रेडिट पोर्टल लॉन्च किया है ?**

(A) ओडिशा (B) मध्यप्रदेश
(C) दिल्ली (D) केरल

**(A)** ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किसानों के लिए पहला कृषि क्रेडिट पोर्टल लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने पोर्टल की शुरूआत करते हुए कहा कि यह सुविधा किसानों और कृषि-उद्यमियों को 40 से अधिक बैंक के 300 से अधिक सावधि ऋण उत्पादों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगी। इसे कृषक ओडिशा के साथ भी एकीकृत किया गया है और 70 से अधिक मॉडल परियोजना तक इसकी पहुंच संभव होगी।



**5. फंगल प्रायोरिटी पैथोजन की सूची किस संस्थान द्वारा जारी की गई है ?**

(A) FAO (B) WHO
(C) UNHCR (D) UNICEF

**(B)** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फंगल प्रायोरिटी पैथोजन की पहली सूची पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह 19 फंगल की एक सूची है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन फंगल प्रायोरिटी पैथोजन की सूची फंगल रोगजनकों को व्यवस्थित रूप से प्राथमिकता देने का पहला वैश्विक प्रयास है।



**6. हाल ही में किस केंद्र सरकार ने किस राज्य में तराई हाथी रिजर्व को मंजूरी दी है?**

(A) राजस्थान (B) बिहार

(C) उत्तरप्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(C)** हाल ही में उत्तरप्रदेश राज्य सरकार ने पहले तराई हाथी रिजर्व को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश के दुधवा पीलीभीत तराई क्षेत्र में तराई एलीफेंट रिजर्व का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जिससे कि बड़ी संख्या में हाथी की आबादी को भी प्रदेश में संरक्षित किया जाएगा।



**7. समृद्धि कर माफी योजना किस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश द्वारा जारी की गई है ?**

(A) दिल्ली (B) गुजरात

(C) तेलंगाना (D) जम्मू-कश्मीर

**(A)** राष्ट्रीय राजधानी की अधिकृत और नियमित कॉलोनियों के निवासियों के लिए दिल्ली सरकार ने एकमुश्त संपत्ति कर माफी योजना-समृद्धि की घोषणा की है। इस योजना के तहत NCR के लोग आवासीय संपत्तियों के लिए पिछले 5 वर्षों के वर्तमान और लंबित कर की मूल राशि का ही भुगतान कर पाएंगे।




**8. गुरू राम दास जी ने अमृतसर की स्थापना की थी। यह सिखों के कौनसे गुरू थे?**

(A) पहले (B) चौथे

(C) छठे (D) आठवें

**(B)** गुरू रामदास जी सिखों के चौथे गुरू थे। गुरू रामदास जी ने अमृतसर की स्थापना की थी। स्वर्ण मंदिर सिखों के पवित्र शहर अमृतसर में स्थित है। स्वर्ण मंदिर अपने पूर्ण स्वर्ण गुंबद के लिए प्रसिद्ध है जो सिखों के लिए सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। महाराजा रणजीत सिंह ने लगभग 400 किलो सोने की पत्ती से भवन का ऊपरी आधा भाग मढ़वाया था।



**9. हाल ही में भारत के किस राज्य में ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर लॉन्च किया गया है ?**

(A) गुजरात (B) उत्तरप्रदेश

(C) मध्यप्रदेश (D) हरियाणा

**(D)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के फरीदाबाद में ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी। हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर एक नई विद्युतीकृत डबल ब्रॉड-गेज रेल लाइन है, जो पलवल से सोनीपत तक हैं। यह हरियाणा में सोहना, मानेसर और खरखौदा से होते हुए लगभग 126 किलोमीटर लम्बी योजना है।



**10. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति की स्थापना किस वर्ष की गई थी ?**

(A) 2001 (B) 2002

(C) 2003 (D) 2004

**(A)** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति की स्थापना 2001 में की गई थी। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति (UNSC-CTC) की एक विशेष बैठक की मेजबानी कर रहा है। UNSC-CTC को सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1373 द्वारा स्थापित किया गया था। इसमें सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य शामिल है।



## MAINS TEST SERIES FEE STRUCTURE

| MARVELLOUS STUDENTS | OTHER STUDENTS |
| --- | --- |
| 5000/- | 7000/- |



**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

**MSC Mathematics**
**MPA Public Administration , NET**
**MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET**
**MPS Political Science , NET Qualified**
**MSO Sociology**
**MHD Hindi Literature Etc**

**THINK CIVIL SERVICES, THINK MARVELLOUS**

# MARVELLOUS
INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES
Since 2011 (A RESULT ORIENTED INSTITUTE)

# MPPSC MAINS - 2021 TEST SERIES

| S.NO. | DATE | DAY | PAPER | TIME |
|---|---|---|---|---|
| | | | ROUND-1 (UNIT WISE) | |
| 1. | 17-07-2022 | Sunday | PAPER -1 PART A (UNIT -1,2,3) | 04:00PM-05:30PM |
| 2. | 24-07-2022 | Sunday | PAPER -1 PART A (UNIT -4,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 3. | 31-07-2022 | Sunday | PAPER -1 PART B (UNIT -1,2,3) | 04:00PM-05:30PM |
| 4. | 07-08-2022 | Sunday | PAPER -1 PART B (UNIT - 4 ,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 5. | 14-08-2022 | Sunday | PAPER -2 PART A (UNIT- 1,2,3) | 04:00PM-05:30PM |
| 6. | 21-08-2022 | Sunday | PAPER -2 PART A (UNIT -4,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 7. | 28-08-2022 | Sunday | PAPER -2 PART B (UNIT -1,2,3) | 04:00PM-05:30PM |
| 8. | 31-08-2022 | Wednesday | PAPER -2 PART B(UNIT -4,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 9. | 04-09-2022 | Sunday | PAPER -3( UNIT – 1,2,3,4,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 10. | 08-09-2022 | Thursday | PAPER -3 (UNIT – 6,7,8,9,10) | 04:00PM-05:30PM |
| 11. | 15-09-2022 | Thursday | PAPER -4(UNIT -1, 2,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 12. | 16-09-2022 | Friday | PAPER -4 (UNIT-3,4,5) | 04:00PM-05:30PM |
| 13. | 19-09-2022 | Monday | प्रश्न पत्र-5(हिन्दी) | 04:00PM-07:00PM |
| 14. | 21-09-2022 | Wednesday | प्रश्न पत्र-6 (निबंध एवं प्रारूप लेखन) | 04:00PM-06:00PM |
| | | | ROUND-2 (PART WISE) | |
| 15. | 28-09-2022 | Wednesday | PAPER -1 PART A | 04.00PM-5:30PM |
| 16. | 07-10-2022 | Friday | PAPER -1 PART B | 04.00PM-5:30PM |
| 17. | 15-10-2022 | Saturday | PAPER -2 PART A | 04.00PM-5:30PM |
| 18. | 21-10-2022 | Friday | PAPER -2 PART B | 04.00PM-5:30PM |
| 19. | 30-10-2022 | Sunday | PAPER -3 (UNIT 1-5) | 04.00PM-5:30PM |
| 20. | 07-11-2022 | Monday | PAPER -3 (UNIT 6-10) | 04.00PM-5:30PM |
| 21. | 14-11-2022 | Monday | PAPER -4 | 04:00PM-07:00PM |
| 22. | 19-11-2022 | Saturday | प्रश्न पत्र-5(हिन्दी) | 04:00PM-07:00PM |
| 23. | 26-11-2022 | Thursday | प्रश्न पत्र-6 (निबंध एवं प्रारूप लेखन) | 04:00PM-06:00PM |
| | | | ROUND-3 (FLT) | |
| 24. | 12-12-2022 | Monday | FLT-1(PAPER-1) | 10:00AM-01:00PM |
| 25. | 13-12-2022 | Tuesday | FLT-2(PAPER-2) | 10:00AM-01:00PM |
| 26. | 14-12-2022 | Wednesday | FLT -3(PAPER-3) | 10:00AM-01:00PM |
| 27. | 15-12-2022 | Thursday | FLT -4(PAPER-4) | 10:00AM-01:00PM |
| 28. | 16-12-2022 | Friday | प्रश्न पत्र-5(हिन्दी) | 10:00AM-01:00PM |
| 29. | 17-12-2022 | Saturday | प्रश्न पत्र-6 (निबंध एवं प्रारूप लेखन) | 10:00AM-12:00PM |

- **Test series are available in offline and online both mode.**
- **Every test discussion class with VIPIN JAIN SIR in both medium, Live session are available.**
- **Rank list**
- **Personal Guidance by VIPIN JAIN SIR**
- **Comprehensive copy evalution if you are not satisfied then rechecking facility is available**
- **Checked copy will be available before next test**
- **Date and timing of this test schedule may change as per MPPSC MAINS 2021 Exam Notification.**

**MARVELLOUS( A RESULT ORIENTED INSTITUTE)**
Contact- 9981983777, 8817983777,07314370330 Visit us: www.marvellousinstitute.com
Ground Floor Opp. To puma showroom, Tower square , Indore.


THINK
CIVIL SERVICES

MARVELLOUS
A Result Oriented Institute

# MARVELLOUS
INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

THINK
MARVELLOUS

Since 2011 (A RESULT ORIENTED INSTITUTE)




Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)

Call 9981983777, 8817983777, 0731-4370330 Website : marvellousinstitute.com